# पीएम मोदी ने सुहेलदेव को दिलाया सम्मान

- प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही
- नाटकों का मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए



**लखनऊ 05 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सालार मसूद किसी माफिया से कम नहीं था और अभी जो माफिया मिट्टी में मिले हैं, वो उसी विचारधारा से आते हैं. उसने हमारे मंदिर तोड़े थे.**

महाराज सुहेल देव ने सालार मसूद को मारकर जनता को दासता से मुक्त कराया था. उन्होंने कहा कि ऐसे वीर नायकों के जीवन पर आधारित नाटकों का निर्माण और मंचन स्कूलों व कॉलेजों में होना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके इतिहास और योगदान से अवगत हो सके. लखनऊ में रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों का लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां सालार मसूद को मारा गया था. वहां उसके नाम से मेला लगता था, लेकिन महाराजा सुहेलदेव का नाम कोई नहीं लेता था. भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया था. मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार साल बाद पीएम मोदी ने उन्हें सम्मान दिलाया.हमारी सरकार ने वहां उनके नाम पर आयोजन शुरू किए. आज सालार मसूद के मेले से ज्यादा भीड़ वहां जुटती है.उन्होने कहा कि जब शासन संवेदनशील नहीं होता, तब वैसी परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं जैसी आनंदमठ की नाट्य प्रस्तुति में देखने को मिलती हैं.उन्होंने भारतीय रंगमंच और सिनेमा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के दौर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं.

### योगी ने देखी 'आनंद मठ' नाट्य की प्रस्तुति

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया .इस अवसर पर उन्होंने न केवल नाट्य प्रस्तुति का आनंद लिया, बल्कि कला क्षेत्र से जुड़े कई वरिष्ठ कलाकारों एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया .कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आनंदमठ पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देखी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया .इसके साथ ही उन्होंने 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया .इस अवसर पर भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष रति शंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया .

## महाराष्ट्र के वर्धा में नाबालिग ने की चाचा और चचेरे भाई की हत्या

**वर्धा.** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में दोहरे हत्याकांड का मामला सामने आया है जिसमें एक नाबालिग ने अपने दो रिश्तेदारों की जान ले ली। पुलिस ने रविवार बताया कि वर्धा शहर में एक शादी समारोह के दौरान एक नाबालिग किशोर ने कथित तौर पर अपने चाचा और चचेरे भाई की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान प्रभाकर भालमे और उनके पुत्र नितिन भालमे के रूप में हुई है।आरोपी को वर्धा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि परिवार में संपत्ति को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद के कारण आरोपी के मन में गहरा रोष पनप रहा था.

# भारत हमला करता है तो कोलकाता तक लेकर जाएंगे

- अपमान की भरपाई की कोशिश कर सकता है भारत : आसिफ

**सियालकोट, 05 अप्रैल. पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान को दोषी ठहराने के लिए भारत कोई बनावटी हमला कर सकता है और ऐसी किसी भी कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी.**

उन्होंने कहा कि भारत एक साल पूर्व हुए घटनाक्रम से अपमान की भरपाई करने की कोशिश कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि आकार, संसाधन और सैन्य क्षमता में बड़ा होने के बावजूद भारत को आलोचना का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत इस तरह की कोई कार्रवाई करता है तो पाकिस्तान की प्रतिक्रिया कड़ी होगी, जो कोलकाता तक पहुंचेगी. पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि



अगर भारत हमला करता है तो हम उन्हें कोलकाता तक लेकर जाएंगे। यह टिप्पणी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस बयान के बाद आयी है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को किसी भी दुस्साहस से बचने की चेतावनी दी थी.

ख्वाजा आसिफ ने सोशल मीडिया पर कहा कि दो परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच युद्ध की कोई भी संभावना गंभीर परिणाम ला सकती है और यह एक खतरनाक भ्रम है.

पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को फर्जी ऑपरेशन करार दिया। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को एक आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की जान गयी थी।पाक के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया था, जिसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक में लश्कर के ठिकानों पर हमले किए थे। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने के बाद भारत ने पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों को भी निशाना बनाया था .

# महिला सुरक्षा पर गंभीर नहीं है सरकार : राहुल

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है और सब कुछ संतोषजनक बता कर संसद में पूछे हर सवाल पर गुमराह करती है.**



उन्होंने लोकसभा में 27 मार्च को महिला और बाल विकास मंत्रालय से महिला सुरक्षा को लेकर पूछे अपने एक सवाल के मिले जवाब के आधार पर आरोप लगाया है कि सरकार ठोस तथ्यों के साथ महिला सुरक्षा पर जवाब नहीं देती और सब कुछ संतोषजनक बताकर बात खत्म कर देती है। एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल गांधी ने ये सारी बातें अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट के जरिए साझा की हैं। उनका कहना था कि हिंसा से पीड़ित महिलाएं मदद के लिए जब महिलाओं की सुरक्षा और वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) का दरवाज़ा खटखटाती हैं तो उन्हें सहायता के बजाय बंद दरवाज़े और अधूरी व्यवस्थाएं मिलती हैं.

### हिमंता को बताया सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर सीधा हमला करते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया है।गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरमा देश के सबसे भ्रष्ट और सबसे सांप्रदायिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि सरमा ने असम की जनता को धोखा दिया है और गुमराह किया है जिसका सबूत जनता के सामने है।असम की जनता उनके भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करेगी,सज़ा तय है।गौरतलब है कि असम में 9 अप्रैल को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी.

### आज का इतिहास

- 1606 – राजकुमार खुसरो ने अपने पिता मुग़ल शासक जहाँगीर के खिलाफ बगावत की.
- 1929 – प्रसिद्ध हिन्दी सेवी और प्रकाशक महाशय राजपाल का निधन.
- 1930 – महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर जोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा.
- 1931 – प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सुचित्रा सेन का जन्म.
- 1942 – जापानी लड़ाकू विमानों ने पहली बार भारतीय क्षेत्रों पर बमबारी की.

# सीडीआर लिंक की भी होगी जांच : फडणवीस

- एसआईटी के साथ ईडी करेगी गहन पड़ताल

**नाशिक, 05 अप्रैल. अशोक खरात से जुड़े कथित शोषण मामले ने अब बड़ा मोड़ ले लिया है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच की पुष्टि की है.**



उन्होंने कहा कि न केवल पूरे प्रकरण की गहन जांच होगी, बल्कि यह भी पता लगाया जाएगा कि सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दामनिआ के पास कॉल डिटेल रिकॉर्ड कैसे पहुंचा। इस मामले में पहले ही कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं और एसआईटी जांच जारी है। लेकिन सीडीआर के सार्वजनिक होने के बाद राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

सरकार अब इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच कराने की तैयारी में है। अशोक खरात प्रकरण में अब जांच का दायरा और बढ़ने जा रहा है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नाशिक में मीडिया से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय भी जांच करेगा।

उन्होंने बताया कि अब तक इस मामले में 12 केस दर्ज किए जा चुके हैं और एसआईटी द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है और इसमें शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच की जाएगी।

उन्होंने यह भी साफ किया कि जांच की प्रक्रिया को सार्वजनिक रूप से रोजाना साझा नहीं किया जा सकता, लेकिन कार्रवाई लगातार जारी है.

## 4 किलो हेरोइन सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर.** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 4.13 किलोग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी यूरोप स्थित हैंडलर्स और जेल में बंद गुर्गों के सीधे संपर्क में थे।ये आरोपी सीमा पार से ड्रग्स की तस्करी की सुविधा प्रदान कर रहे थे और माझा व दोआबा क्षेत्रों में खेप की सप्लाई कर रहे थे. उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों का एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत पुराना आपराधिक इतिहास है.

# यीशु मसीह का पुनरुत्थान सत्य की शक्ति का प्रतीक : केजरीवाल

- ईस्टर पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, 05 अप्रैल. ईस्टर के पावन अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं**



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में प्रेम, दया और मानवता के मूल्यों पर जोर दिया। केजरीवाल ने कहा कि ईस्टर का यह पवित्र दिन लोगों के दिलों को दिव्य प्रेम और करुणा से भरने का संदेश देता है। उन्होंने जीसस क्राइस्ट के पुनरुत्थान को आशा, सत्य और सकारात्मकता की शक्ति का प्रतीक बताया। ईस्टर के अवसर पर देशभर में जहां हर्षोल्लास का माहौल है, वहीं विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने भी लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने भी देशवासियों को ईस्टर की बधाई देते हुए एक भावनात्मक संदेश साझा किया.

# बंगाल चुनाव के लिए बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी

- एमपी से शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश से योगी आदित्यनाथ भी करेंगे प्रचार

**कोलकाता, 05 अप्रैल. पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है.**

इस सूची में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से लेकर कई दिग्गज नेता और चर्चित चेहरे शामिल किए गए हैं, जो राज्यभर में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे.बीजेपी की इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जैसे बड़े नाम शामिल हैं. इसके अलावा धर्मेंद्र प्रधान, योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान, देवेंद्र फडणवीस और हिमंत बिस्वा सरमा भी चुनावी मैदान में उतरकर पार्टी के लिए प्रचार करेंगे.पार्टी ने इस बार चुनाव प्रचार में फिल्म और खेल जगत के चर्चित चेहरों को भी शामिल किया है. एक्टर मिथुन चक्रवर्ती, हेमा मालिनी और कंगना रनौत के साथ-साथ टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और गायक-राजनेता मनोज तिवारी को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है. बीजेपी का मानना है कि इन दिग्गज नेताओं और लोकप्रिय चेहरों के जरिए पार्टी राज्य में मजबूत चुनावी अभियान चलाएगी और मतदाताओं तक अपनी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी.

## गैस सिलेंडर विस्फोट में 2 की मौत, 2 की हालत गंभीर

**रांची.** झारखंड के धनबाद जिले के मुनीडीह इलाके में देर रात एक हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी. यह हादसा तब हुआ जब गैस कटर में इस्तेमाल होने वाला सिलेंडर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया. घटना के समय मौके पर करीब 8 से 10 लोग मौजूद थे, जिनमें से कई गैस की चपेट में आ गए।घायलों को तत्काल इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने संजय यादव और मोहम्मद अजहरुद्दीन को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोहम्मद अब्राहिम और मोहम्मद इमामुद्दीन का इलाज जारी है।दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिलेंडर फटने के बाद जहरीली गैस तेजी से फैलने लगी.

## ईरान में हवाई हमले में रेड क्रिसेंट स्वयंसेवक की मौत

**तेहरान.** ईरान के इस्फहान प्रांत में हुए एक हवाई हमले में अब्दुलफज्ल देहनवी नामक 20 वर्षीय स्वयंसेवक की मौत हो गई. वह ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के साथ मानवीय सहायता कार्यों में जुटे हुए थे. रिपोर्ट के अनुसार, यह हमला मोबारकेह काउंटी में हुआ, जहां देहनवी नागरिकों की मदद और राहत कार्यों में लगे थे. इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार, सहयोगियों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है. अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इस घटना को गंभीर चिंता का विषय बताया है और मानवीय कार्यों में लगे लोगों को निशाना बनाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता.

# केरल का भविष्य सुधारने के लिए है चुनाव : शाह

- शाह ने रैली में कहा-राज्य में एनडीए सरकार का समय
- केरल विस चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज



**कोच्चि, 05 अप्रैल. केरल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाता जा रहा है. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि यह चुनाव केवल सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए है.**

कोच्चि के कुन्नथुनाडु निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए ) का जनाधार राज्य में लगातार बढ़ा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अब केरल में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनने का समय आ गया है। शाह ने अपने संबोधन में विकास, सुशासन और सबका साथ, सबका विकास की नीति पर जोर देते हुए लोगों से एनडीए का समर्थन करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने ईस्टर के अवसर पर ईसाई समुदाय को शुभकामनाएं भी दीं। केरल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। शाह ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद से केरल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का वोट शेयर लगातार बढ़ा है, जो इस बात का संकेत है कि जनता अब बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि अब समय आ गया है जब राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बने.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### असम की जनता राजग के साथ खड़ी : चौहान



**गुवाहाटी.** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि असम की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन( राजग) के साथ खड़ी है और आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) की जीत तय है।चौहान ने रविवार को राजग- भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में असम की बोकाखाट और नाडुआर विधानसभा सीटों पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही. चौहान ने बोकाखाट में राजग उम्मीदवार अतुल बोरा और नाडुआर में भाजपा प्रत्याशी पद्म हजारिका के लिए प्रचार किया। उन्होंने असमी भाषा में जोय अखोम, कांग्रेस खत्म का नारा देते हुए दावा किया कि आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत तय है। श्री चौहान ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए असम की जनता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोग सरल, देशभक्त और ईमानदार हैं.

### ममता ने मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की



**मुर्शीदाबाद.** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईवीएम को लेकर मुर्शीदाबाद की रैली में बूथ एजेंटों और मतदाताओं से सतर्क रहने की अपील की है. मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि सभी लोग ईवीएम मशीन को अच्छे से चेक करें और जो बूथ एजेंट बनेंगे, वे अपने निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि बंगाल के हित में काम करें . उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति बीजेपी के सामने बिके नहीं . मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि ईवीएम में मौजूद सभी बटन को दबाकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वोट सही जगह दर्ज हो रहा है या नहीं . उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों पर ईवीएम मशीन को खराब करने की योजना बनाई जाती है .

### तमिलनाडु में मतदान के दिन अवकाश घोषित

**चेन्नई.** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने तमिलनाडु में मतदान के दिन यानी 23 अप्रैल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। एक प्रेस विज्ञप्ति में आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी का हवाला दिया। इसके अनुसार, मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। यह नियम किसी भी व्यवसाय, व्यापार या औद्योगिक उपक्रम में काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होगा। यह सुविधा उन सभी मतदाताओं को मिलेगी.

### एलडीएफ सरकार भ्रष्टाचार में घिरी है : खरगे



**तिरूवनंतपुरम.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर हमला करते हुए कहा है कि पिछले 10 वर्षों में एलडीएफ सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों में घिरी रही है, जिसमें गोल्ड स्मगलिंग एवं लाइफ मिशन जैसे मामले शामिल हैं। उन्होंने पीरूमेडा में रविवार को आयोजित चुनावी रैली में जनता को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केरल हमेशा प्रगतिशील सोच और सामाजिक न्याय का प्रतीक रहा है, लेकिन आज राज्य पीछे जा रहा है उन्होंने आरोप लगाया कि आर्थिक मोर्चे पर राज्य का कर्ज 1.57 लाख करोड़ से बढ़कर करीब छह लाख करोड़ हो गया है, जिससे किसानों, मछुआरों और छोटे व्यापारियों की स्थिति खराब हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि युवाओं में बेरोजगारी दर लगभग 29.9 प्रतिशत है, जिसके कारण उन्हें राज्य छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार और एलडीएफ के बीच गठजोड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों सत्ता को केंद्रीकृत करना चाहते हैं। कांग्रेस ने किसानों, मजदूरों और युवाओं के लिए कई वादे किए और यूडीएफ को समर्थन देने की अपील की.

### मुफ्त राशन किट बांटने के मामले में केस दर्ज

**त्रिशूर.** केरल विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कथित तौर पर मुफ्त %विशु किट% बांटने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई त्रिशूर वेस्ट पुलिस द्वारा कार्यकारी चुनाव अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, ओलारी के शिवरामपुरम उन्नति क्षेत्र में मतदाताओं को मुफ्त राशन किट बांटने की कोशिश की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि लाभार्थियों को कुछ पर्चियां दी गई थीं, जिन्हें पार्थसारथी मंदिर के पास एक सुपरमार्केट में दिखाकर किट लेनी थी.

# नीतीश ने योजनाओं का किया उद्घाटन

## नीतीश का पश्चिम चम्पारण दौरा, कई परियोजनाएं शुरू



**पटना, 05 अप्रैल. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पश्चिम चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया.**

कुमार ने आज यहां विभिन्न योजनाओं के विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया ।उन्होंने वाल्मीकिनगर के दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनस्थापन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनस्थापन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। नहर के तटबंध पर बने सड़क का पक्कीकरण कराया गया है। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इसे जल्द पूर्ण करें। सिंचाई के लिये यह नहर काफी उपयोगी है। इस नहर से बड़ी संख्या में किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है.

## मुफ्त की दवाओं की हेराफेरी में 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस ने सरकारी दवाओं की अवैध हेराफेरी और बिक्री में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ कर लगभग 70 लाख रुपये मूल्य का स्टॉक बरामद किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह ऑपरेशन क्राइम ब्रांच की एनआर- यूनिट द्वारा चलाया गया, जिसने तीन आरोपियों, नीरज कुमार (53), सुशील कुमार (47) और लक्ष्मण मुखिया (48) को उस समय पकड़ा जब वे सरकारी आपूर्ति, बिक्री के लिए नहीं लेबल वाली दवाओं की एक बड़ी खेप का परिवहन कर रहे थे.

**शुभकामनाएं** | प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और ओम बिरला ने शांति, प्रेम और एकता का दिया संदेश

# ईस्टर आशा और नए जीवन का प्रतीक है : मोदी





**नई दिल्ली, 05 अप्रैल. ईस्टर के पावन अवसर पर देशभर में हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिला. इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और इस पर्व के महत्व को साझा किया.**

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि ईस्टर आशा, नए जीवन और सकारात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में शांति, खुशी और उजाला लेकर आए। वहीं, राष्ट्रपति मुर्मु ने इसे सत्य, प्रेम और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाने का अवसर बताया। ईस्टर के अवसर पर देश के शीर्ष नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति, प्रेम और एकता का संदेश दिया.

### समाज में एकता को मजबूत करने की दी प्रेरणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि यह पवित्र दिन आशा और नए जीवन का प्रतीक है. जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए। साथ ही उन्होंने कहा की शिक्षाएं लोगों को दयालु बनने और समाज में एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देती हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन भगवान यीशु मसीह के पुनरुत्थान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। राष्ट्रपति ने लोगों से अपील की कि वे इस अवसर पर शांति, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन नए आरंभ और आस्था को मजबूत करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व लोगों के जीवन में खुशी, शांति और ईश्वर की कृपा के आशीर्वाद लेकर आए। ईस्टर ईसाई धर्म का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जिसे जीसस क्राइस्ट के पुनरुत्थान के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद यीशु मसीह पुनर्जीवित हुए थे, जो पाप और मृत्यु पर विजय का प्रतीक है.